देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 29.09.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का लोकल फोर वोकल पर विशेष जोर; कहा– स्थानीय और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना हर नागरिक का कर्तव्य।
- त्योहारी सीजन में मिलावटखोरी पर रोक लगाने के लिए प्रदेशभर में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग का विशेष अभियान जारी; स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा– शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता।
- उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग पेपर लीक मामले पर मुख्यमंत्री ने कहा– सरकार, छात्रों के हित में सीबीआई सहित किसी भी जांच के लिए तैयार।
- दुबई में खेले गए एशिया कप के फाइनल मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर नौवीं बार खिताब जीता।

स्वदेशी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोकल फोर वोकल को बढ़ाने पर जोर दिया है। कल देर शाम देहरादून के गढ़ी कैंट में लोगों से संवाद में श्री धामी ने कहा कि स्थानीय और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना हर नागरिक का कर्तव्य है। स्वदेशी को प्राथमिकता देने से किसान, कारीगर और छोटे व्यापारी सशक्त होंगे। इसके साथ ही भारत की अर्थव्यवस्था और अधिक मजबूत बनेगी।

मुख्यमंत्री देर शाम देहरादून स्थित गढ़ी कैंट बाज़ार पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्थानीय व्यापारियों और आमजन से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने व्यापारियों से नए जी.एस.टी. स्लैब के बारे में सुझाव व फीडबैक लिया तथा उनसे आम जनता को घटे हुए जी.एस.टी. दरों की जानकारी देने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जनता को सीधा लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कई आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं पर जी.एस.टी. दरों में कमी की है। "नेक्स्ट जनरेशन जी.एस.टी" के रूप में शुरू की गई यह पहल जनता को राहत देने के साथ ही व्यापार और अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करेगी।

आत्मनिर्भर उत्तराखंड

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प, हर घर स्वदेशी घर–घर स्वदेशी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वदेशी केवल नारा नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत की नींव है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिया गया 2047 तक आत्मनिर्भर भारत का संकल्प इस अभियान से और मजबूत होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वदेशी आंदोलन ने स्वतंत्रता संग्राम में नई ऊर्जा भरी थी और आज इसका स्वरूप खादी तक सीमित न होकर ब्रह्मोस मिसाइल, तेजस विमान, सेमीकंडक्टर, डिजिटल इंडिया और यूपीआई जैसी आधुनिक तकनीक तक फैल चुका है। कोविड संकट में पीपीई किट और वैक्सीन निर्माण इसकी बड़ी मिसाल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वरोजगार और लघु उद्योग को प्रोत्साहन दिया जाएगा तथा युवाओं को स्टार्टअप और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से स्वदेशी उद्यमिता की ओर बढ़ाया जाएगा। उन्होंने जनता से नवरात्रि, दशहरा और दीपावली जैसे अवसरों पर दैनिक उपयोग की वस्तुओं में स्वदेशी को प्राथमिकता देने की अपील की।

<u>मिलावटखोरी के खिलाफ अभियान</u>

त्योहारी सीजन में मिलावटखोरी पर रोक लगाने के लिए प्रदेशभर में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग का विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा है कि शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है और मिलावट करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि त्योहारी सीजन के मद्देनज़र अब तक कुमाऊँ मंडल के नैनीताल, ऊधमसिंह नगर, अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और चंपावत जिलों में विशेष चेकिंग के दौरान लगभग 200 खाद्य नमूने लिए गए और 100 किलो से अधिक अनुचित सामग्री जब्त कर नष्ट की गई। 252 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया और दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की गई। साथ ही 180 कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा का प्रशिक्षण भी दिया गया। गढ़वाल मंडल में भी बड़े पैमाने पर निरीक्षण और सैंपलिंग की गई। श्रीनगर में सबसे बड़ी कार्रवाई हुई, जहां 18 निरीक्षण कर 11 नमूने लिए गए। अन्य जिलों में भी कई नमूने संकलित किए गए।

हरिद्वार के भगवानपुर में नकली पनीर बनाने की शिकायत पर खाद्य सुरक्षा और पुलिस विभाग ने छापा मारा। जांच में कारोबारी ने मिल्क पाउडर और वनस्पति तेल से पनीर बनाने और उसमें एसिड का इस्तेमाल करने की बात स्वीकार की। मौके से पनीर और दूध के नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं।

स्वास्थ्य सचिव ने कहा है कि मिलावटखोरों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और अभियान लगातार सख्ती से जारी रहेगा।

<u>छात्र हित–यूकेएसएसएससी पेपर लीक</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार छात्रों के हित में सीबीआई सहित किसी भी जांच के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यू०के०एस०एस०एस०सी पेपर लीक मामले की जांच एसआईटी कर

रही है और सरकार इसमें छात्रों के पक्ष में हर निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि कुछ लोग छात्र आंदोलन को राजनीति का रूप देने की कोशिश कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाली परीक्षाओं में नकल कराने की कोशिश करने वालों पर कठोर कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू कर अब तक 100 से अधिक नकल माफियाओं को जेल भेजा है। पिछले चार सालों में योग्यता और पारदर्शिता के आधार पर 25 हजार से अधिक युवाओं को नौकरी दी गई है।

उन्होंने कहा कि अगले एक वर्ष में 10 हजार नियुक्तियां की जानी हैं, जिनका कैलेंडर जारी कर दिया गया है और ये नियुक्तियां पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ होंगी। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि छात्रों के हितों की रक्षा हर हाल में की जाएगी।

क्षति आकलन

मानसून के दौरान आई बाढ़ और आपदा से हुई क्षति के आकलन के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की सर्वेक्षण टीम ने कल हरिद्वार स्थित जिला आपदा कार्यालय में बैठक की। टीम का नेतृत्व सीबीआरआई के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अजय चौरसिया ने किया। बैठक में हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण के सचिव मनीष कुमार सिंह ने आपदा से हुए नुकसान की जानकारी दी।

डॉ. चौरसिया ने अधिकारियों को आपसी समन्वय से प्रभावी कार्ययोजना बनाकर केंद्र सरकार को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नदियों के तटबंध, पूरी तरह से क्षतिग्रस्त सड़कों और संचार व्यवस्था के लिए स्थायी समाधान के प्रस्ताव तैयार किए जाएं। साथ ही सीवर, जल निकासी और एसटीपी निर्माण से जुड़े कार्यों पर भी योजनाएं बनाने को कहा गया।

टीम ने भीमगोड़ा पुल के पास रेलवे ट्रैक पर गिर रहे मलबे और मंशा देवी क्षेत्र के भूस्खलन संभावित स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित विभागों को स्थायी समाधान के निर्देश दिए गए।

एशिया कप–फाइनल

भारत ने एशिया कप 2025 के फाइनल में पाकिस्तान को 5 विकेट से हराकर नौवीं बार खिताब जीत लिया। दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में भारत की जीत के नायक तिलक वर्मा रहे, जिन्होंने नाबाद 69 रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुँचाया।

पाकिस्तान की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 146 रन पर सिमट गई।

इस जीत के साथ भारत ने 14 दिन में तीसरी बार पाकिस्तान को हराया।

समारोह प्रतिभाग

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल सोशल बलूनी पब्लिक स्कूल, देहरादून में आयोजित नरेन्द्र सिंह नेगी संस्कृति सम्मान समारोह में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नरेन्द्र सिंह नेगी संस्कृति सम्मान से हिमाचल के वरिष्ठ साहित्यकार एस.आर हरनोट को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नरेंद्र सिंह नेगी ने अपने गीतों के माध्यम से उत्तराखंड की आत्मा को स्वर दिया है। उन्होंने लोक जीवन की पीड़ा, प्रेम, संघर्ष और सौंदर्य को सुरों में डालकर उसे जीवंत किया और राज्य की सांस्कृतिक चेतना को नई ऊर्जा प्रदान की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार, उत्तराखंड की लोक कलाओं को संरक्षित करने और समृद्ध बनाने के लिए कार्य कर रही है। सरकार हर छह माह में प्रदेश के लोक कलाकारों की सूची तैयार कर रही है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि राज्य सरकार, स्थानीय भाषाओं और बोलियों के संरक्षण के लिए भी सतत प्रयास कर रही है जिससे आने वाली पीढ़ियाँ अपनी समृद्ध भाषायी विरासत से जुड़ी रहें।

और अब एक नजर समाचार पत्रों की सुर्खियों पर

बीते दिन देहरादून के प्रदेश भाजपा मुख्यालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रेस वार्ता को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से उठाया है। दैनिक जागरण मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हवाले से लिखता है – जब तक जीवित हूं, एक–एक छात्र को मिलेगा न्याय। हिंदुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक है – छात्रों के हित में सीबीआई जांच से परहेज़ नहीं।

एशिया कप में भारत की ऐतिहासिक जीत को भी सभी समाचार पत्रों ने मुख्य पृष्ठ पर स्थान दिया है। राष्ट्रीय सहारा लिखता है भारत बना चैंपियन, तिलक वर्मा ने खेली मैच जिताऊ पारी।